वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

राजा उदय-पातप मार्ग, पन्ना लाल पार्क, वाराणसी–221002
फोन नं0 0542–2280326, ईमेल : vdavaranasi@gmail.com

प्राधिकरण द्वारा विकसित सन्त गुरू रविदास स्मारक एवं पार्क नगवां स्थित रिक्त भूमि 3 माह की किरायेदारी पर वाहन स्टैण्ड हेतु स्थल नीलामी द्वारा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

पंजीकरण	नीलामी दिनांक 30.05.2025 अपरान्ह् 01:00 बजे
दिनांक 19.05.2025 से दिनांक 28.05.2025 तक	प्राधिकरण सभागार में।

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा नगवां स्थित वाहन स्टैन्ड का आवंटन 3 माह की किरायेदारी हेतु नीलामी के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण कार्यालय के हेल्प डेस्क पटल से निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क (जो नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगा) के साथ आवेदन पत्र प्राधिकरण के हेल्प डेस्क पटल पर जमा कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी के नाम से देय होगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर पंजीकृत व्यक्तियों के मध्य नीलामी प्राधिकरण की सभागार में होगी। नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत धनराशि दो कार्य दिवस में जमा करनी होगी एवं उच्चतम बोली की धनराशि के अतिरिक्त रू0 5.000.00 जमानत की धनराशि भी देय होगी। आवंटन पत्र निर्गत होने की तिथि से एक माह के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करनी होगी। उपरोक्तानुसार नीलामी की स्वीकृत धनराशि जमा करने के पश्चात किरायेदारी का एग्रीमेण्ट कराकर ही वाहन स्टैण्ड उपलब्ध कराया जायेगा। कब्जा पत्र जारी होने की तिथि से वाहन स्टैण्ड का संचालन आरम्भ माना जायेगा। किसी भी नीलामी को चाहे वह उच्चतम बोली ही हो, उसे स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, वाराणसी में निहित होगा। अन्य शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी सम्पत्ति विभाग के नोटिस बोर्ड एवं प्राधिकरण की बेवसाइट **www.vdavns.com** तथा मो0 न0–7518102822, 9580956031 हेल्प डेस्क से प्राप्त की सकती है।

क्र0सं0	पार्किंग स्थल का नाम	3 माह की किरायेदारी हेतु न्यूनतम आरक्षित धनराशि	पंजीकरण धनराशि
1.	सन्त गुरू रविदास स्मारक एवं पार्क नगवां में वाहन स्टैण्ड हेतु	रू0 2,37,273.00	रू0 23,728.00

प्र0अधि0सम्पत्ति	सचिव	उपाध्यक्ष